**दिनांक 05.07.2024 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (DMFT) के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

---

उपस्थिति :- यथा पंजीनुसार

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

बैठक में सर्वप्रथम प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा एजेन्डा में शामिल योजनाओं से अवगत कराया गया तथा समिति द्वारा गहन समीक्षोपरांत निम्नांकित निर्णय लिया गया।

1. दिनांक 01.03.2024 के प्रबंधकीय समिति एवं दिनांक 04.03.2024 के न्यास परिषद की बैठक में प्रस्तावित एवं स्वीकृत योजनाओं के प्रशासनिक स्वीकृति एवं क्रियान्वयन हेतु चर्चा की गयी। जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| क्र0 | प्रशासनिक स्वीकृति हेतु 01 करोड़ से अधिक की राशि वाली योजनाओं की विवरणी | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि INR (In Cr.) | प्राथमिकता |
|---|---|---|---|
| 1 | सदर अस्पताल, लातेहार में सामान्य/विशिष्ट चिकित्सकीय उपकरण का क्रय एवं आपूर्ति। | 3.73 Cr. | उच्च प्राथमिकता |
| 2 | जिला अन्तर्गत मरीजों की सुविधा हेतु 10 न्यूनतम एम्बुलेंस का क्रय। | 1.90 Cr. | उच्च प्राथमिकता |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों के विभिन्न पंचायत भवनों में कम्प्यूटर, प्रिंटर, UPS एवं टेबल का अधिष्ठापन। | 115 x 2 Lakh = 2.30 Cr. | उच्च प्राथमिकता |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों के विभिन्न पंचायत भवनों में जेनरेटर सेट का अधिष्ठापन। | 115 x 4 Lakh = 4.60 Cr. | उच्च प्राथमिकता |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत केचकी संगम, बरवाडीह में कुल– 70 इलेक्ट्रिक डेकोरेटिव स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन। | 1.34 Cr. | उच्च प्राथमिकता |
| 6 | जिला खेल स्टेडियम/पुराना पुलिस लाईन, लातेहार में स्वीमिंग पूल का निर्माण। | 5.00 Cr. | उच्च प्राथमिकता |
| 7 | प्रखण्ड लातेहार में धर्मपुर मोड़ से करकट तक कुल– 200 इलेक्ट्रिक डेकोरेटिव स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन। | 3.82 Cr. | उच्च प्राथमिकता |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत City Bus का क्रय एवं आपूर्ति। | 54 Lakh x 6 = 3.24 Cr. | उच्च प्राथमिकता |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत सभी प्रखण्डों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में Solar Based Surface Movable Pump Set 02 HP लगभग 200 अद्द का अधिष्ठापन। | 5.00 Cr. | उच्च प्राथमिकता |
| 10 | लातेहार जिलान्तर्गत आदिम जनजाति परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु LED Bulb Making Unit का क्रय एवं अधिष्ठापन। | 2.5 Cr. | उच्च प्राथमिकता |
| 11 | लातेहार जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों के विभिन्न विद्यालयों में Water Purifier का अधिष्ठापन। | 3.20 Cr. | उच्च प्राथमिकता |
| 12 | Area Development of Ugratara Mandir Chandwa, Latehar | 5.00 Cr. | उच्च प्राथमिकता |

उपरोक्त उल्लेखित कुल 12 योजनाओं के चर्चा उपरान्त प्रशासनिक स्वीकृति दिये जाने का प्रबंधकीय समिति के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

झारखण्ड गजट संख्या 134 दिनांक 10.02.2017 के कंडिका- 03 (IV) में निहित प्रावधान के अनुसार एक करोड़ से अधिक एवं पाँच करोड़ तक की प्रशासनिक स्वीकृति प्रमंडलीय आयुक्त के स्थान पर डी0एम0एफ0टी0 के प्रबंधकीय समिति द्वारा दिया जाना है। उपरोक्त योजनाओं का क्रियान्वयन डी0एम0एफ0टी0 मद से कराने हेतु प्रबंधकीय समिति के द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित एवं स्वीकृत किया गया है।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

2. प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार के द्वारा बताया गया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2016-2017 से वर्ष 2024-2025 तक विभिन्न प्रक्षेत्र के कुल 1016 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया है जिसमे से विभिन्न एजेंसियों के द्वारा 787 योजनाओ को पूर्ण करा लिया गया है शेष योजना का कार्य प्रगति पर हैं।

सदन द्वारा निर्णय लिया गया कि लंबित योजना का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की कार्रवाई की जाय।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

3. कार्यालय, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला अन्तर्गत प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न ग्राम सभा से विभिन्न प्रक्षेत्र के योजनाओं का प्रस्ताव प्राप्त है, उक्त प्राप्त प्रस्ताव में जनउपयोगी एवं महत्वपूर्ण वैसी योजनाएं जिसे अन्य प्रखण्डों के पंचायतों में भी कराया जाना आवश्यक है वैसी सभी कुल- 1279 प्रस्तावों **(अनुलग्नक- 'क')** पर समिति द्वारा गहन समीक्षोपरान्त सर्वसम्मति से क्रियान्वित कराने हेतु अनुमोदन किया गया। योजना की विवरणी निम्नवत है।

| Sector | Category as per PMKKKY | No. of Proposals |
|---|---|---|
| High Priority | Agriculture | 7 |
| | Animal Husbandry | 1 |
| | Drinking water Supply | 142 |
| | Education | 341 |
| | Environment Preservation & Pollution Control measures | 29 |
| | Sanitation | 13 |
| | Skill devepoment and livelihood generation | 5 |
| | Welfare of aged & differently abled | 2 |
| | Welfare of Women and Children | 439 |
| **High Priority Total** | | **986** |
| Other Priority | Energy and watershed Development | 5 |
| | Physical infrastructure | 288 |
| **Other Priority Total** | | **293** |
| **Grand Total** | | **1279** |

समिति द्वारा सर्वसम्मति से उक्त सभी प्रस्तावों को प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु अगामी न्यास परिषद की बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

4. बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा समीक्षोपरान्त वैसे जनउपयोगी एवं महत्वपूर्ण योजनाएं जिसका प्रस्ताव एक से अधिक प्रखण्ड के पंचायतों से प्राप्त हुआ है, वैसी योजनाओं को विस्तारित करते हुए आवश्यकता अनुसार अन्य प्रखण्डों में भी क्रियान्वित कराने पर सहमति प्रदान किया गया।

**(अनुपालन : प्रभारी पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, लातेहार)**

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

| | | |
|---|---|---|
| 20/07/2024 | 20/7/24 | 20/7 |
| प्रभारी पदाधिकारी,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।<br>20/07/2024 | उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। |

**ज्ञापांक**....621....../**डी0एम0एफ0टी0, दिनांक**...20.../...07.../2024

**प्रतिलिपि :–** प्रबंधकीय समिति डी0एम0एफ0टी0 के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

| | | |
|---|---|---|
| 20/07/2024 | 20/7/24 | 20/7 |
| प्रभारी पदाधिकारी,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार।<br>20/07/2024 | उप विकास आयुक्त–सह–सदस्य सचिव,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,<br>डी0एम0एफ0टी0, लातेहार। |